राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस०यू०एल०एम०)
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com ebsite:www.sudaup.org

पत्रांक 468/241/एनयूएलएम/तीन/2001(CB&T)-TC-II दिनांक 11-08-2017

सेवा में,

1. **जिलाधिकारी/अध्यक्ष,**
   जिला नगरीय विकास अभिकरण,
   जनपद– बस्ती, सन्तकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज, कुशीनगर, फैजाबाद, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, सुलतानपुर, अमेठी, आजमगढ़, बलिया एवं मऊ।
2. **परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर,**
   जिला नगरीय विकास अभिकरण/शहर मिशन प्रबन्धन इकाई,
   जनपद– बस्ती, सन्तकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज, कुशीनगर, फैजाबाद, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, सुलतानपुर, अमेठी, आजमगढ़, बलिया एवं मऊ।

विषयः– **दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत समस्त घटकों की समीक्षा एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला हेतु निर्धारित तिथियों में शहर मिशन प्रबन्धकों एवं सामुदायिक आयोजकों के साथ समीक्षा बैठक एवं उन्मुखीकरण सत्र आयोजन के संबंध में।**

महोदया/महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या– 368/241/NULM/तीन/2001(CB&T) TC-III दिनांक 12.06.2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत कार्यरत शहर मिशन प्रबन्धकों एवं सामुदायिक आयोजकों के उत्तरदायित्व एवं कार्यक्षेत्र का विवरण दोबारा इस आशय से भेजा गया है कि तदनुसार कार्य एवं कार्य क्षेत्रों का निर्धारण कर मिशन का गुणवत्तापरक संचालन किया जाय।

उक्त के क्रम में CMMU कर्मियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा एवं उन्मुखीकरण के माध्यम से क्षमता संवर्धन SMMU, SUDA U.P. द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त लिये गये निर्णय के क्रम में निम्नवत जनपदों/शहरों के समस्त शहर मिशन प्रबन्धकों एवं सामुदायिक आयोजकों के साथ समीक्षा एवं तदोपरान्त उन्मुखीकरण किया जाना है, जिनका विवरण निम्नवत हैः–

क्र0सं0	मण्डल का नाम	जनपद/शहर का नाम	प्रतिभागी	दिनांक
1.	बस्ती, देवीपाटन, मिर्जापुर एवं चित्रकूट।	बस्ती, सन्तकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर एवं महोबा।	सभी CMM एवं सभी CO	17.08.2017 प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 तक
2.	गोरखपुर, फैजाबाद एवं आजमगढ़	गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज, कुशीनगर, फैजाबाद, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, सुलतानपुर, अमेठी, आजमगढ़, बलिया एवं मऊ।	सभी CMM एवं सभी CO	18.08.2017 प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 तक

उक्त तालिका में उल्लिखित मण्डलवार संबंधित जनपदों/शहरों के शहर मिशन प्रबन्धकों एवं सामुदायिक आयोजकों को ससमय सूडा उ0प्र0, 10, नवचेतना केन्द्र, अशोक मार्ग, लखनऊ उ0प्र0 में समीक्षा एवं तदोपरान्त उन्मुखीकरण हेतु उपस्थिति अपरिहार्य है।

अतः उक्त तिथि को समीक्षा एवं उन्मुखीकरण सत्रों में सुसंगत सूचनाओं/प्रगति, सफल कहानी आदि अभिलेखों एवं कार्य में आ रही व्यवहारिक समस्याओं के संबंध में लिखित विवरण के साथ शहर मिशन प्रबन्धकों एवं सामुदायिक आयोजकों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। उक्त समीक्षा में सभी CMM/CO को अनिवार्य रुप से प्रतिभाग किया जाना है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. मिशन निदेशक/अपर निदेशक/वित्त नियंत्रक कैम्प, सूडा उ0प्र0।
2. संबंधित परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
3. उक्त जनपदों/शहरों के समस्त CMM/CO को उल्लिखित सूचनाओं के साथ ही सभी घटकों के दिशा निर्देशों का अध्ययन कर व्यवहारिक अपेक्षित समस्याओं के समाधान हेतु लिखित विवरण सहित प्रतिभाग हेतु।
4. सहायक वेबमास्टर, सूडा को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. नाजिर, सूडा को आवश्यक सभी व्यवस्था हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक